# घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग

## नल-जल योजना के तहत कछुआ गति से बन रही पेयजल टंकी के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 9 मार्च. नल-जल योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम की देखरेख में चल रहे इस निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है.**



जानकारी के अनुसार ग्राम गुड़ियाखेरा निवासी हरदेव यादव तथा ग्राम पंचायत अमरमऊ के उपसरपंच बाबू यादव ने बताया कि गांव में जलापूर्ति के लिए बनाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य कई वर्षों से धीमी गति से चल रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है. हरदेव यादव के अनुसार टंकी निर्माण में उपयोग की जा रही रेत बेहद घटिया गुणवत्ता की है, जब इस संबंध में उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार के कर्मचारियों से बात की तो उन्हें कथित तौर पर मारने-पीटने की धमकी दी गई. इसी तरह के आरोप उपसरपंच बाबू यादव सहित कई अन्य ग्रामीणों ने भी लगाए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी का निर्माण शासकीय विद्यालय के पास किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ने आते हैं, ऐसे में यदि घटिया सामग्री से बनी टंकी भविष्य में किसी हादसे का कारण बनती है तो जिम्मेदारी किसकी होगी?

हरदेव यादव ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में जो गिट्टी इस्तेमाल की जा रही है उसमें अत्यधिक मात्रा में मिट्टी मिली हुई है, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं. उनका कहना है कि निर्माण में लगभग 14 तसला गिट्टी और 14 तसला रेत का मिश्रण किया जा रहा है, जिससे संरचना की मजबूती नाम मात्र की भी नहीं रहेगी. वहीं जब इस पूरे मामले में जल निगम में मोबिलाइजेशन के पद पर कार्यरत यासमीन खान से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा, जिसके कारण उनका पक्ष सामने नहीं आ सका. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए.

## टीईटी के विरोध में ज्ञापन देंगे 13 को

**सागर.** शासकीय शिक्षक संगठन ने मांग की है कि डीपीआई के आदेश से मध्य प्रदेश के लगभग डेढ लाख से अधिक शिक्षकों में भय एवं रोष व्याप्त हो रहा है, जो कि उचित नहीं है .इस तरह के आदेश को शीघ्र वापस लिया जाए एवं इसके लिए संगठन ने 13 मार्च को पूरे मध्यप्रदेश में जिला स्तर पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है. संचालक लोकशिक्षण भोपाल ने विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बगैर यह फरमान जारी कर दिया कि 27 वर्ष तक की सेवा करने के बाद भी यदि आगे नौकरी करना है. ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपील करने वालों में राम मिलन मिश्रा बलवंत यादव, आलोक गुप्ता, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, श्रीमती कृष्णा साहू, पंकज वैध, अनिल चौबे आदि प्रमुख हैं.

# पन्ना जा रहे युवक को बस स्टैंड पर पीटा

## मुख्य बस स्टैंड पर उतरे युवक को तीन-चार असामाजिक तत्वों ने घेरा, बीएमसी में भर्ती

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. गोपालगंज थाना अंतर्गत डॉ हरीसिंह गौर मुख्य बस स्टैंड पर एक यात्री के साथ बदमाशों ने बेरहमी से मारपीट कर दी. घायल युवक को ऑटो चालकों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है.**



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक शिवम पटेल इंदौर से पन्ना जिले के गुनौर अपने घर जा रहा था, वह ओम सांई राम बस से सफर कर रहा था. सुबह 4:15 बजे बस बस स्टैंड पर रुकी. इसी दौरान शिवम बस से नीचे उतरकर शौचालय जाने के लिए स्टैंड परिसर में गया. सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी से आए तीन-चार बदमाशों ने उसे घेर लिया. बदमाशों के हाथों में डंडे, चाकू भी बताए. शिवम के अनुसार आरोपी किसी अन्य व्यक्ति की तलाश कर रहे थे और शराब के नशे में दिखाई दे रहे थे, पहले उन्होंने शिवम से पूछताछ की और फिर जाने लगे. जब शिवम वापस बस में चढ़ने लगा, तभी बदमाशों ने पीछे से उसके सिर पर डंडों से हमला कर दिया. इसके बाद आरोपियों ने उसके हाथ-पैरों पर भी कई वार किए, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए. स्टैंड पर मौजूद ऑटो चालकों ने शिवम को बीएमसी पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है.

शहर के बस स्टैंड पर लंबे समय से असामाजिक तत्वों का डेरा बना हुआ है. यहां अक्सर गुंडे, हिस्ट्रीशीटर और बदमाशों का जमावड़ा लगा रहता है. स्थानीय लोगों के अनुसार आए दिन यहां यात्रियों और बस कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आती रहती हैं. पिछले दिनों यह आरोप भी लगे थे कि बस स्टैंड परिसर में गुंडा टैक्स की वसूली तक की जा रही है. इतना ही नहीं, बसों के नंबर और पार्किंग को लेकर भी अक्सर झगड़े और विवाद होते रहते हैं. बताया जा रहा है कि कुछ कुख्यात और जिला बदर किए जा चुके गुंडे बदमाश भी यहां अपना वर्चस्व जमाने की कोशिश करते हैं. यात्रियों का कहना है कि यदि पुलिस नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाए तथा सूचीबद्ध बदमाशों पर कार्रवाई करे तो इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है.

# एपीएल के समापन पर पुरस्कार वितरित

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अर्हम संस्था द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र के प्राचीन ऐतिहासिक जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए सहयोग सेतु कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है.**




इसी अभियान के अंतर्गत सहयोग राशि एकत्रित करने के उद्देश्य से अर्हम प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्रजैन उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी तथा कॉलोनाइजर प्रमेंद्र गोलू रिछारिया मौजूद रहे. फाइनल मुकाबले में गुरु कृपा पात्र संघ की टीम ने प्रदर्शन करते हुए खिताब नाम किया.कार्यक्रम में चेतराम अहिरवार, विक्रम सोनी, मुकेश जैन, राहुल वैद्य, अमित बैसाखिया, प्रासुख जैन, अंशुल परिहार, श्रीकांत जैन, जय सोनी, नितिन सोनी, राहुल नामदेव, विवेक सोदिया, दिनेश सिंघई, अखिलेश जैन, सचिन राजकमल, अमित सिहोरा, आकाश जैन, सिद्धार्थ हिन्नौद, रवि जैन, सतेंद्र जैन, अमित जैन मौजूद रहे.

# राजस्व अधिकारी को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने उड़नदस्ता दल को विभिन्न स्थानों पर मिल रहीं अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.**

उड़नदस्ता दल के प्रभारी सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने बताया कि आवासीय परिसरों में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने तथा घरेलू नल कनेक्शन का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर कनेक्शन को व्यवसायिक श्रेणी में परिवर्तित करने की कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही बिना स्वीकृति के संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाएगी.

उड़नदस्ता कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु,महिला ब्रिगेड की सहायक प्रभारी श्रीमती जया श्रीवास्तव, श्रीमती नीता श्रीवास्तव, श्रीमती विजया श्रीवास्तव, स्वदेश राजा बुंदेला, विकास गुरु, अनिरुद्ध चाचौंदिया, संजय सोनी, देवकुमार चौबे एवं अजय रैकवार उपस्थित रहे.

## बाल संस्कार केंद्र शुरू

**सागर.** वर्णी विकास सभा सागर के तत्वावधान में वर्णी जन्मभूमि स्मारक वर्णीपुरम हंसेरा में बाल संस्कार केंद्र की स्थापना हुई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.पी.सी जैन, ब्र. विनीता दीदी डिप्टी कलेक्टर, अपूर्वा सिंघई, विशिष्ट अतिथि अरविंद जैन नागरिक आपूर्ति निगम, निशिकांत सिंघई, छत्रपाल सिंह सरपंच हंसेरा, अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र कुमार जैन ने की. स्वागत भाषण मुख्य संयोजक चंद्रेश शास्त्री भोपाल ने दिया. संचालन संयोजक मनीष विद्यार्थी एवं आभार महामंत्री कैलाश जैन टीला ने माना.

# महिला दिवस कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. भारतीय मजदूर संघ की विधि सलाहकार सुमिता विश्वे के नेतृत्व में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

इस अवसर पर श्रीमती विश्वे ने कहा कि महिलाएं योजनाओं का लाभ उठाएं और यदि कहीं समस्या आती है तो भारतीय मजदूर संघ से संपर्क करें. इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश जारोलिया, बुन्देलखंड आउटसोर्स कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सोनू चुटेले आदि उपस्थित रहे.


# मुनि दीक्षा दिवस समारोह संपन्न




नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. अर्हतकूट जिनालय का भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह मुनिश्री महासागर, मुनिश्री निष्कम्प सागर, मुनिश्री निष्काम सागर, मुनिश्री निर्दोष सागर ससंघ आर्यिका साधना मति माताजी, आर्यिका साधुमति माताजी के ससंघ सानिध्य में किया गया.**

इस अवसर पर आचार्य श्री समय सागर का 47 वां मुनि दीक्षा दिवस समारोह मनाया गया. मंदिर में मूल नायक प्रतिमा जी विराजमान करने का सौभाग्य विधानाचार्य बाल ब्र विजय भैया ने प्राप्त किया अन्य प्रतिमा जी रखने का सौभाग्य सोनू जैन, राजेश जैन, मुन्नालाल कपिल जैन, अशोक जैन, पुनीत जैन, राजकुमार जैन को मिला.



## गौर ने किया रक्तदान

**ललितपुर.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ओमकरण सिंह गौर ने 19वीं बार रक्तदान किया. श्री गौर ने कहा कि कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है. हमारे थोड़े से प्रयास से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा दुनिया में कोई पुण्य नहीं है. इस अवसर पर नागरिकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य की सराहना की.

# नई बस्ती में जलसंकट के हालात बन रहे

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 मार्च. शहर के वार्ड नंबर 17 स्थित मोहल्ला सिविल लाइन नई बस्ती गुल्लन भारा चक्की के सामने के निवासियों ने पेयजल की भीषण समस्या को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है.**



मोहल्लेवासियों का आरोप है कि सालों से नलों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे दैनिक कार्यों और पीने के पानी के लिए लोग भटकने को मजबूर हैं. स्थानीय निवासियों ने बताया कि मोहल्ले में पानी का एकमात्र सहारा एक हैंडपंप था, लेकिन पिछले एक माह से उसने भी पानी देना बंद कर दिया है. पीने के पानी की व्यवस्था न होने से पूरा मोहल्ला मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है. जिलाधिकारी को दिए पत्र में मोहल्लेवासियों ने मांग की है कि मोहल्ले में जो नई पाइपलाइन डाली गई है, उसे तुरंत मुख्य लाइन से जोड़कर चालू किया जाए. खराब पड़े हैंडपंप में अतिरिक्त पाइप डलवाकर उसे क्रियाशील बनाया जाए. पानी की किल्लत को देखते हुए मोहल्ले में कुछ अतिरिक्त हैंडपंप लगवाए जाएं, जल संकट से जूझ रहे मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. पत्र सौंपने वालों में विमलेश, सरोज, बिमला देवी, प्रतिभा राजा बुन्देला, सोनम, नीलम, निशा, कुसुम और रेखा झा शामिल है.

# प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया

नवभारत न्यूज

**बीना 9 मार्च. एमपी पीएस सी में प्रथम प्रयास में ही प्रदेश में 9 वां स्थान प्राप्त करके अमन यादव ने गौरांवित किया.**

डॉ. हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी से बी कॉम ओर बी लिव की पढ़ाई करके नेट ओर जीआरएफ की तैयारी करके अमन यादव पिता शिक्षक ऊदल यादव ने ग्रंथपाल का पद प्राप्त किया है. अमन ने बताया कि इस उपलब्धि में मेरे माता पिता, मेरे सीनियर का बहुत योगदान है. उन्होंने बताया श्री ठाकुर मैडम एवं श्री मिश्रा सर के मार्गदर्शन में उन्होंने यह एग्जाम पास किया है. अमन ने कहा है बो



पीएचडी करेंगे एवं यूपी पीएससी की तैयारी करेंगे. उन्होंने बताया कि बच्चों को कॉन्फिडेंस रखना चाहिए एवं मेहनत लगन से बिना कोचिंग के भी आप एग्जाम निकाल सकते है. अमन की मां का कहना है कि अमन बचपन से ही बहुत तेज था पढ़ाई में एवं खेल में उसने कई ट्रॉफी जीती है, जिला प्रदेश तक खेलने गया है.

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. शासकीय कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा छात्राओं को खाद्य प्रशंसकरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



प्रथम दिवस डॉ. अनामिका दुबे ने कहा यह उत्पाद प्रत्येक घर में उपयोग किया जाने वाला उत्पाद है, इसका निर्माण कर घरेलू व्यवसाय एवं लघु उद्योग स्तर पर व्यवसाय किया जा सकता है. बड़े पैमाने पर बनाये जाने वाले केचअप में शुद्धता की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यदि आप छोटे स्तर पर शुद्ध उत्पाद बनाते है तो सफलता की संभावना ज्यादा हो सकती है. छात्राओं के प्रश्न पूछ कर जिज्ञासा शांत की कार्यक्रम में डॉ. अंकित सूर्यवंशी नरयावली महाविद्यालय, डॉ. खुदेजा परबीन शास महा पथरिया, डॉ. दुर्गेश नंदनी, डॉ. मनीषा मिश्रा, कविता बागरी उपस्थि थे. द्वितीय दिवस राजेश मिश्रा द्वारा नीबू, आम एवं बेर के स्वेकेश एवं कार्नीवाल बनाने की विधि और उसे संधारित करने के तरीके पर चर्चा की. अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव ने कहा यह प्रशिक्षण से परिपूर्ण व्याख्यान आपकी आत्म निर्भरता का मार्ग बनाएग. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा महाविद्यालय इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, कि बच्चों को पठन-पाठन के साथ ऐसी व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करे जिसमें वे अपनी राह खुद निर्धारित कर सकें. डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा यह व्याख्यान आपको अपने दैनिक जीवन में शुद्ध खान-पान की शिक्षा के साथ शीतल पदार्थ निर्माण करने का कौशल विकास करेगा. कार्यक्रम में डॉ. दुर्गेश नंदनी, मनीषा मिश्रा, कविता बागरी उपस्थित थी.

# महिला सशक्तिकरण का संदेश



नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. केसरवानी महिला सभा द्वारा रंग पंचमी पर महिला दिवस मनाया गया. इस अवसर पर महिलाओं ने एकत्रित होकर रंगों के साथ खुशियाँ साझा कीं और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया.**

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक महिला के संकल्प का दिन है, जब वह यह निश्चय करती है कि वह हर परिस्थिति में स्वयं को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक रूप से सशक्त बनाए रखेगी तथा अपने जीवन के लक्ष्य को बिना किसी लाचारी के आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ पूरा करेगी. इस अवसर पर डॉ. वंदना गुप्ता, श्रीमती विनीता केसरवानी, श्रीमती प्रीति केसरवानी, श्रीमती रुक्मणी केसरवानी, श्रीमती नीतू केसरवानी, श्रीमती अलका केसरवानी, श्रीमती आशा, केसरवानी, महिला सभा की अध्यक्ष संध्या केसरवानी, कंचन, मीना सहित एवं अन्य कई सखियाँ उपस्थित रहीं.

# सीएम के आगमन को लेकर स्थल निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 11 मार्च को किया जाएगा. इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी शामिल होंगे.**



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां चल रही हैं. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत एवं अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिए. बैठक व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए ताकि लोगों को कोई भी असुविधा न हो. साथ ही लोगों के आने के लिए मुख्यद्वार देखते हुए उन्होंने हेलीपैड का निरीक्षण किया, पार्किंग व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की लोगों को असुविधा न हो इस प्रकार कि पार्किंग व्यवस्था की जाये. खासतौर से उद्घाटन सत्र में आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा वरदान साबित होगी. इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रोजगार मेले का भी शुभारंभ करेंगें. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और आवागमन की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं. प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित संपन्न हो सके.

**प्रशासन की पहल** — जिला प्रशासन द्वारा निजी स्कूल संचालकों के साथ समन्वय बैठक में दिए निर्देश

# पाठ्य पुस्तकों और गणवेश की उपलब्धता को सरल व पारदर्शी बनाने के प्रयास

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. निजी स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों और यूनिफॉर्म की उपलब्धता को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा समन्वय बैठक आयोजित की.**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने सभी पुस्तक विक्रेताओं और संबंधित पक्षों से चर्चा की. अपर कलेक्टर श्री रावत ने विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे आयोजित होने वाले पुस्तक मेले में अपने स्टॉल अनिवार्य रूप से लगाएं. प्रशासन की मंशा है कि अभिभावकों को अलग-अलग दुकानों के चक्कर न लगाने पड़ें. इसके लिए कुछ प्रमुख सुझाव साझा किए गए. जिसमें विक्रेता यह सुनिश्चित करें कि मेले में ही पुस्तकों के पूरे सेट उपलब्ध हों, ताकि अभिभावकों को शेष सामग्री के लिए दुकानों पर न भटकना पड़े. मेला अवधि के दौरान सभी अधिकृत विक्रेता एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे चयन और क्रय में आसानी होगी. बैठक में एनसीईआरटी और प्रामाणिक पुस्तकों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया गया. प्रशासन ने विक्रेताओं से अपेक्षा की है कि, अभिभावकों के हितों को ध्यान में रखते हुए केवल उच्च गुणवत्ता वाली और सही पुस्तकें ही विक्रय की जाएं, किसी भी प्रकार की डुप्लीकेट या नकली सामग्री के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने हेतु जागरूकता बढ़ाई जाएगी. पर्यावरण और आर्थिक बचत को देखते हुए सुझाव दिया गया कि अगले 3-4 वर्षों तक पाठ्यक्रम में बड़े बदलाव न किए जाएं, ताकि वरिष्ठ छात्रों की पुस्तकें कनिष्ठ छात्र पुन: उपयोग कर सकें. यह स्पष्ट किया गया कि अभिभावकों को पुस्तकों के साथ स्टेशनरी या कॉपियां लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा, वे अपनी पसंद और आवश्यकतानुसार सामग्री ले सकेंगे. स्कूल यूनिफॉर्म के संबंध में टेलर्स को स्टॉक और सही साइज बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही, अभिभावकों की सहमति और छात्रों के ट्रायल के बिना कोई भी नया नियम लागू नहीं करने का सुझाव दिया गया. इसके साथ ही प्रशासन ने सभी पक्षों से अनुरोध किया है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी साझा करने से बचें. अधिकृत सूचनाएं और निर्देश पी आर ओ के माध्यम से जारी किए जाएंगे ताकि जनता तक सटीक जानकारी पहुँचे. प्रशासन का उद्देश्य किसी पर दबाव बनाना नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था बनाना है जहाँ स्कूल, विक्रेता और अभिभावक मिलकर छात्रों के भविष्य के लिए काम करें. एडीएम श्री रावत ने इस पारदर्शी व्यवस्था में सहयोग की अपील की है. बैठक में डीईओ अरविंद जैन, अभय श्रीवास्तव मौजूद थे.

## मदिरा दुकानों का ई-टेंडर द्वितीय आज

**सागर.** ई-टेंडर प्रथम चरण की कार्यवाही उपरांत निष्पादन से शेष रहे जिले के 19 एकल समूहों में सम्मिलित 64 कम्पोजिट मदिरा दुकानें, जिनका आरक्षित का निष्पादन ई-टेण्डर द्वितीय चरण के माध्यम से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया जाना है. ई-टेण्डर हेतु ऑनलाईन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 10 मार्च को दोपहर 04:00 बजे तक रहेगा. ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 10 मार्च को से रहेगा. ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की 10 मार्च को सायं 6:50 बजे तक में बोली लगाई जायेगी.

## सागर मौसम

अधिकतम 38 .2 (+6)

न्यूनतम 19 .8 (+3)

आर्द्रता :

सुबह/शाम : 51/24


## CHANGE OF NAME

I, ARMY NO.15417864A RANK HAV NAME-RAJ KARAN SON OF MAYARAM PATEL HOME ADDRESS- VILL-NAYAPURA SHEKHPUR SATHAWA, P.O. KARUNDI, TEH-SORAON, DIST- PRAYAGRAJ, STATE- UTTAR PRADESH, PIN CODE-212502 HAVE CHANGED MY MOTHER NAME FROM SHIV MURTI DEVI TO MURTI DEVI PATEL IN MY SERVICE RECORD VIDE AFFIDAVIT DATED 02/03/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT KOTA (RAJ).